कैबिनेट मंत्री ने नगर में सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर, 12 जुलाई (तरुणमित्र)। मंत्री वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा षिक्षा विभाग उ0प्र0 सरकार सुरेश कुमार खन्ना द्वारा सोमवार को नगर क्षेत्र के टाउनहाल स्थित भारद्वाज कॉलोनी में बने नाले की जल निकासी के सम्बन्ध में, सफाई व्यवस्था एवं टाउनहाल स्थित षहीद पार्क का निरीक्षण किया गया। नगर क्षेत्र के टाउनहाल स्थित भारद्वाज कॉलोनी के पास बने नाले के पानी की निकासी सुचारु रुप से नही हो पा रही है, जिसके सम्बन्ध में मंत्री द्वारा नाले का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कैबिनेट मंत्री द्वारा नाले के पानी की निकासी की व्यवस्था हेतु नाला निर्माण कराये जाने के नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा को विषेश दिषा-निर्देष दिये गये। इसके साथ ही मंत्री द्वारा नगर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मंत्री द्वारा सफाई व्यवस्था के कार्य को संतोशजनक पाया गया। मंत्री द्वारा आमजन से नगर को कचरा मुक्त बनाये जाने हेतु व नगर में सफाई व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की गई।

इसके अतिरिक्त मंत्री द्वारा टाउनहाल स्थित बने षहीद पार्क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मंत्री द्वारा शहीद पार्क के पष्चिमी गेट पर ब्लॉक स्पॉट पाये गये, जिस पर मंत्री द्वारा द्वारा गेट से ब्लैक स्पॉट हटवाकर उक्त स्थल पर वृक्षारोपण कराये जाने हेतु संबन्धित को निर्देषित किया गया।